प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 24.09.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम—उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अभियान पर थीम सॉन्ग लॉन्च किया।
- भिलाई में अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता शुरू—तैंतीस राज्यों के एक हजार से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा।
- रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में भारतीय सेना द्वारा पांच और छह अक्टूबर को किया जाएगा **''नो योर आर्मी मेले''** का आयोजन।

**माओवादी मुठभेड़**

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादियों के मारे जाने की खबर है। घटनास्थल से बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक चिंतलनार और मुकरम कैम्प से जिला पुलिस बल, डीआरजी, बस्तर फाईटर और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम करकनगुड़ा और आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली हुई थी। इसी दौरान चिंतावागू नदी के किनारे माओवादियों के जगरगुंडा एरिया कमेटी और पीएलजीएल बटालियन से सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं।

**स्वच्छता ही सेवा—01**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का थीम सॉन्ग लॉन्च किया। इस गाने में 'स्वच्छता परमो धर्मः' को रेखांकित करते हुए लोगों को 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों में सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता—संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान—एनआईटी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक निजी संस्था द्वारा आज से पांच दिवसीय वर्कशाप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों और उपस्थित सदस्यों ने स्वछता की शपथ ली और अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने की बात कही। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद स्वास्थ्य शिविर लगाकर सिकलिंग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई।

इधर, गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने आज कलेक्टोरेट परिसर से स्वच्छता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ **''पर्यावरण से नाता जोड़ो, प्लास्टिक का इस्तेमाल छोड़ो''** नारे के साथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सोख्ता गड्ढा निर्माण, शौचालय निर्माण और ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम निर्माण के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।

**स्वच्छता ही सेवा—02**

वहीं, बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों और हाट बाजारों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारी—कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक क़िया। वहीं, रकसगंडा पर्यटन स्थल और मंदिर परिसर में भी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संकल्प लिया।

वहीं, भारतीय रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रेलवे कॉलोनियों में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।

**राष्ट्रमंडल संसदीय संघ**

संसद में आयोजित दसवें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र की कार्यकारिणी में तीन राज्यों की कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्य शामिल हैं, जिसके समन्वयक के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह को चुना गया है। संसद भवन में आयोजित कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि इन तीनों ही राज्यों में एक–एक संसदीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छत्तीसगढ़ में अगले साल जनवरी में यह कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसमें पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों, युवा और महिला विधायकों के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही महिलाओं, छात्रों और युवाओं पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम और विधायी प्रारूपण में प्रशिक्षण जैसे विषय भी इन संसदीय कार्यक्रमों का हिस्सा होंगे।

**मुख्यमंत्री–राष्ट्रीय सेवा योजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस और सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एनएसएस की राज्य इकाई को कार्यक्रमों के आयोजन के लिए दी जाने वाली तेरह लाख रूपये की राशि को बढ़ाकर पचास लाख रूपए करने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान सहित शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देकर मिसाल पेश की है। उन्होंने नशामुक्ति के लिए स्वयंसेवकों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**श्री रामलला दर्शन योजना**

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज रायपुर संभाग के साढ़े आठ सौ श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने रायपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अयोध्या धाम के साथ ही वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन भी करेंगे।

**नो योर आर्मी मेला**

राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में भारतीय सेना द्वारा पांच और छह अक्टूबर को **''नो योर आर्मी मेले''** का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आम जनता को भारतीय सेना को करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी इस मेले को दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। साथ ही सेना के जवान अपने अद्भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे। वहीं, पांच अक्टूबर की शाम सेना के बैंड्स द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमे जबलपुर और वाराणसी से पहुंचे मिलिट्री बैंड्स अपनी प्रस्तुति देंगे।

इससे पहले, आज रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह और सेना के अधिकारियों ने साईंस कॉलेज मैदान का निरीक्षण किया और आयोजन को लेकर लोक निर्माण विभाग तथा नगर निगम को निर्देश जारी किए।

**वेटलिफ्टिंग क्लस्टर**

गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज भिलाई में अखिल भारतीय वेटलिफिंटग क्लस्टर का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में तैंतीस राज्यों के एक हजार एक सौ इकतालीस खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत योगा, वेटलिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग के खेल आयोजित होंगे। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट किया और खेल मशाल प्रज्जवलित करने के साथ शपथ ली। साथ ही प्रतियोगिता के शुभंकर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम को दुर्ग सांसद विजय बघेल, जिले के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने भी संबोधित किया।

**आयुष्मान कार्ड पंजीयन**

आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज बिलासपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए नगर निगम स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान रैली का आयोजन कर योजना के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया गया। गौरतलब है कि जिले में तीस सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत आयुष्मान चौपाल और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है और हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन भी किया जा रहा है।

**पोषण माह**

बलरामपुर जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एनीमिया, पूरक आहार और समग्र पोषण की थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत महिलाओं के साथ एनीमिया पर चर्चा कर उनकी जांच और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का लाभ गर्भवती महिलाओं को मिल रहा है या नहीं, इसकी जानकारी पोषण ट्रैकर के जरिये ली जा रही है।

**जल–जगार महोत्सव**

धमतरी जिले के रविशंकर सागर गंगरेल बांध में पांच और छह अक्टूबर को जल–जगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के तहत मैराथन दौड़, नवरात्रि मेला, कॉर्निवॉल, रूद्राभिषेक, इन्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस, कबाड़ से जुगाड़ और मानव वन में एडवेंचर सहित अनेक गतिविधियां होंगी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जल–जगार महोत्सव में भाग लेने के लिए जिले और प्रदेशवासियों से अपील की है। छह अक्टूबर को होने जा रहा हाफ मैराथन तीन श्रेणियों में आयोजित होगा, इसमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल हैं। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी कल पच्चीस सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर आंध्रप्रदेश–दक्षिण ओडिशा तटों से सटे बंगाल की खाड़ी पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से कल प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल कांकेर जिले के चारामा में पैंतीस करोड़ छप्पन लाख रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- अंबिकापुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर रमणेश मूर्ति को छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बिलासपुर के डीन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- रेलवे द्वारा कुछ समपार फाटकों की मरम्मत की जा रही है। इसके चलते सेरीखेड़ी रेलवे फाटक आज रात से लेकर कल दोपहर तक बंद रहेगा। वहीं, मांढर रेलवे फाटक कल सुबह से लेकर उनतीस सितंबर की सुबह तक बंद रहेगा। जबकि, सिद्धबाबा गेट रेलवे फाटक छब्बीस सितंबर की सुबह से लेकर सत्ताईस सितंबर की सुबह तक बंद रहेगा।

- बिलासपुर जिले के तोरवा थाना क्षेत्र में जगमल चौक के पास स्थित एक पटाखा गोदाम में आज सुबह आग लग गई। आशंका जताई जा रही है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। एडिशनल एसपी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और गोदाम की जांच की जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>